# सीकर रोड पर ड्रेनेज प्रोजेक्ट में 36 फ़ीसदी कम दर पर कल्वर्टरबॉक्स डालने की मंज़ूरी

- बताया जा रहा है कि जेडीए कमिश्नर आनंदी ने जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल को चेतावनी भी दे दी है कि इस काम में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, गुणवत्ता में समझौता हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।
- जेडीए कमिश्नर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कार्यकारी समिति की बैठक में 18.76 करोड़ के काम की मंजूरी दी गई।

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने सीकर रोड पर ड्रेनेज के काम के लिए कल्वर्टर बाक्स डालने को 36 फीसदी कम दर पर मंजूरी तो दे दी है, पर साथ में जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल को चेतावनी भी दे दी है कि इस काम में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा, अगर ऐसा किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक मंजूरी दी गई। फिलहाल पहले फेज में दोनों जोन में 18.76 करोड़ रुपए के काम को मंजूरी दी गई है। इसमें जोन-7 में सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर कल्वर्ट (सी-जोन बाईपास से सिरसी मोड तक) बॉक्स ड्रेन के निर्माण कार्य के लिए (चरण-I) हेतु 9.38 करोड़ रूपये एवं (चरण-II) हेतु 9.38 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया।

यह ठेका 50 करोड़ रुपए का है जो लालचंद तिवारी फर्म ने 36 फीसदी कम दर पर लिया है। इस काम की निविदा खुलने पर काफी विवाद हुआ था जिसमें मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भी रिपोर्ट मांगी थी। जेडीए में पहली बार इतनी कम दर पर यह टेंडर खुला था जिसमें यह आशंका जताई थी कि इतनी कम दर पर काम कराया तो गुणवत्ता किस तरह रहेगी।

इस पर जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग अजय गर्ग ने जेडीसी आनंदी को काम में किसी तरह की कमी नहीं होने का आश्वासन दिया था। इस पर जेडीसी ने सख्ती से चेतावनी दी कि काम में किसी तरह की कोई कमी पाई गई तो एक्सईएन और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

इसी तरह जोन-6 में सीकर रोड (रोड नं. 14 एनएच बाईपास से चौंमू पुलिया तक) पर 24.08 करोड रूपय के सड़क सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की निविदा की स्वीकृति दी गई। सीकर रोड से बढारना जेडीए योजना तक मुख्य नाले का निर्माण तथा सब्जी मंडी पुलिया से उक्त नाले तक 100 फीट रोड के साथ नाली निर्माण कार्य के लिए 27.79 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया।

घाट की गुणी टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल शुल्क) के संचालन, रखरखाव और संग्रह के लिए 91.11 करोड़ रूपये की निविदा का कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

## दाल मिल व्यापारियों की सांकेतिक हड़ताल आज

**जयपुर।** कृषि कल्याण शुल्क व अन्य राज्यों से आयात होने वाले कच्चे माल पर मंडी टैक्स लगाने के विरोध में व्यापारियों ने 4 दिसंबर को मंडी में बोली नहीं लगाने तथा मिलों में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल रखने का फैसला किया है। ये सांकेतिक हड़ताल पूरे प्रदेश में रहेगी। प्रदेश दाल मिल महासंघ समिति के संयुक्त मंत्री पवन अग्रवाल ने बताया कि इस सांकेतिक हड़ताल से पहले व्यापारियों ने मंगलवार को जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी को स्वयं एवं मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमें कृषक कल्याण शुल्क हटाने, मंडी शुल्क 0.50 प्रतिशत करने तथा राज्य के बाहर से आने वाले कच्चे माल पर से मंडी टैक्स हटाने की प्रमुख रूप से मांग की गई है। उन्होंने बताया कि सांकेतिक हड़ताल पर भी बात नहीं बनी तो व्यापारियों को कड़ी रणनीति बना अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन देने में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, फोर्टी कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जयपुर के दाल मिलर्स एवं आटा फ्लोर मिल के सदस्यगण मौजूद थे।

# 'गोचर भूमि पर बरगद एवं पीपल के वृक्ष लगाने से गौ माता बचेगी'



बंबोरिया तथा झाई गांव के गोचर की भूमि पर मंगलवार को बरगद एवं पीपल का वृक्षारोपण किया गया।

**जयपुर।** बंबोरिया तथा झाई गांव के गोचर की भूमि पर मंगलवार को बरगद एवं पीपल का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री भारतीय किसान संघ ने पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुए बताया कि गौ माता एवं अन्य पशु पक्षियों का चारागाह संरक्षित करना आज की परम आवश्यकता हो गई है। वर्तमान में घटते गोचर एवं अतिक्रमणों के कारण पशु पक्षियों एवं गौ माता के जीवन पर संकट आ गया है। ऐसी स्थिति में बरगद एवं पीपल जैसे वृक्ष लगाकर गोचर को संरक्षित करना जरूरी है तथा गोचर भूमि बचेगी तो गौ माता बचेगी।

गोचर बचाओ महा अभियान के तहत पर्यावरण प्रेमियों ने 11 बरगद एवं 11 पीपल के वृक्ष लगाकर भांभोरिय में गोचर बचाओ अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए गांव के सरपंच श्रीराम फूल चौधरी ने बताया कि इस गोचर भूमि पर तारबंदी कर उत्तम गुणवत्ता का चारा और इससे संबंधित घास के बीच लगाकर एक आदर्श चारागाह विकसित किया जाएगा। समाजसेवी मांगीलाल शर्मा कैलाश चंद्र बोरा सत्यनारायण शर्मा, राजेंद्र सिंह, बाबूलाल एवं पर्यावरणविद डॉ सुनील दाधीच ने वृक्षारोपण कार्य में सहयोग किया।

# सिटी पैलेस में जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल का आगाज

**जयपुर।** जयपुर के सिटी पैलेस में फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट विषय पर जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल के छठे संस्करण का शानदार आगाज हुआ। फेस्टिवल के पहले दिन की शुरुआत 2300 छात्रों का समूह द्वारा मंत्र मुग्ध कर देने वाली भजन गीतों और भक्ति संगीत प्रस्तुति के साथ हुई। एसआर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भजन हे राम!, राम रतन धन पायो, अचुतम के शिवम, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी आदि गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं के दिलों को छुआ और सभी को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई और अगली प्रस्तुति थी द पैलेस स्कूल द्वारा, जिन्होंने वित्तीय साक्षरता पर आधारित गीत केवल आज नहीं है जीवन, कल भी जीवन होगा.. प्रस्तुत किया, जो श्रोताओं को गहरी सोच में डालने वाला था। इसके बाद एक नुक्कड़ नाटक "डिजिटल धमाल-जी का जंजाल" भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं को दिखाया और यह दर्शाया कि कैसे लोग अपनी लापरवाही के कारण धोखाधड़ी का शिकार होते हैं और इस विषय पर बात करने से हिचकिचाते हैं। इस प्रस्तुति ने न केवल जागरूकता का संदेश दिया, बल्कि दर्शकों को सोचने के लिए भी मजबूर किया कि डिजिटल दुनिया में सुरक्षा कितनी जरूरी है।

विद्याश्रम स्कूल के बहु-प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी लाइव तबला प्रस्तुति के साथ दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी। 'शिव तांडव' पर उनकी शानदार तबला वादन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद उनके द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य ने सभी को भावनात्मक रूप से छुआ और एक शांतिपूर्ण अनुभव प्रदान किया। एसआरएन स्कूल ने मुंशी प्रेमचंद की कहानियों का मिश्रण प्रस्तुत करते हुए एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया। इस संगीतात्मक प्रदर्शन ने वित्तीय साक्षरता के सभी पहलुओं को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा 'कल्कि: अवतार धर्म की स्थापना, कलयुग का विनाश' नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया, जब 50 से अधिक छात्रों ने मंच पर एक साथ अपने नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके बाद, दिल्ली पब्लिक स्कूल ने वित्तीय साक्षरता पर आधारित एक गीत स्वावलंबन की राह पर कदम बढ़ाते जाए, सपना उड़ान को एक नया पंख लगाए.. प्रस्तुत किया। इसके साथ ही, उन्होंने एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक और नृत्य प्रदर्शन भी किया, जिसने दर्शकों को वित्तीय साक्षरता के महत्व को गहरे स्तर पर समझने का अवसर दिया। वहीं, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वित्तीय साक्षरता पर संस्कृत में काव्यपाठ तथा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया।



जयपुर के सिटी पैलेस में फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट विषय पर जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी लगाई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत अब 21 व 22 को

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित की जा रही चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 14 दिसंबर के स्थान पर 21 एवं 22 दिसंबर को किया जाएगा। विधि विभाग के विशिष्ट शासन सचिव सुरेन्द्र पुरोहित ने बताया कि उच्च न्यायालयों एवं जिला न्यायालयों के बार एसोसियेशन के वार्षिक चुनाव 13 दिसम्बर को होने के कारण 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली इस वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि में परिवर्तन किया गया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर एवं जयपुर पीठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 21 दिसम्बर को किया जाएगा तथा समस्त अधीनस्थ न्यायालयों, न्यायाधिकरणों, प्राधिकरणों, आयोगों, मंचों एवं अन्य अर्द्धन्यायिक कार्यवाहियों की सुनवाई करने वाले प्राधिकारियों में 22 दिसम्बर को लोक अदालत के तहत सुनवाई की जाएगी।

# एस.डी.एम. को थप्पड़ मारने के प्रकरण की सी.बी.आई. जांच को लेकर याचिका

**जयपुर।** देवली-उनियारा विधानसभा सीट के लिए 13 नवंबर को हुए उप चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की ओर से एसडीएम के थप्पड़ मारने और इस दौरान ग्रामीणों के खिलाफ की गई कार्रवाई के मामले की सीबीआई जांच के लिए दिलखुश मीणा सहित 21 ग्रामीणों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में एसीएस होम व एसपी टोंक सहित अन्य को भी पक्षकार बनाया है। इस याचिका पर आगामी दिनों में हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

याचिका में कहा है कि मामले को लेकर चार एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं और ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। याचिका में कहा कि ग्रामीणों ने उप चुनावों का बहिष्कार किया था और वे शांतिपूर्वक इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन इस दौरान ही उन पर स्थानीय प्रशासनिक अफसरों व पुलिस अफसरों की ओर से दबाव बनाया और उन्हें धमकी दी गई। इसके अलावा निर्दोष ग्रामीणों पर अत्याचार कर उन पर पत्थर फैंके गए। वहीं पुलिस की ओर से उनके खिलाफ ही झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई। इसलिए मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए।

गौरतलब है कि उपचुनाव को लेकर मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर तैनात एसडीएम को निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने थप्पड मारा था। इसके बाद मीणा के समर्थकों ने प्रदर्शन किया था। वहीं बाद में आसपास के इलाके में पुलिस ने कार्रवाई की थी।

## गृह रक्षा संगठन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़

**जयपुर।** गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर से मैराथन दौड का आयोजन किया गया। मैराथन में पुलिस महानिरीक्षक,गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान ने शिरकत करते हुए मैराथन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई की। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर की कार्यालय अध्यक्ष कमाण्डेन्ट सुमन ढाका की अगुवाई में मैराथन का शुभारम्भ संसार चन्द्र रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र से हुआ, जिसमें अल्बर्ट हॉल, जेडीए सर्किल, हाईकोर्ट सर्किल, स्टेच्यू सर्किल व पांच बत्ती को शामिल करते हुए पुनः कार्यालय परिसर में मैराथन का समापन हुआ। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर,सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और जिला स्तरीय परेड समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# तीन साईबर ठगों को गिरफ्तार किया

- आरोपियों ने जयपुर के व्यापारी को डिजिटल अरस्ट कर की गई 90 लाख रूपयो साईबर ठगी की।

**जयपुर।** साईबर क्राईम थाना आयुक्तालय जयपुर द्वारा 3 डिजिटल साईबर ठगो को मदनगंज, किशनगढ़, अजमेर से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने जयपुर के व्यापारी को डिजिटल अरस्ट कर की गई 90 लाख रूपयो साईबर ठगी की।आरोपीयो ने फर्जी वाट्सएप नंबरों का उपयोग कर वारदात को अंजाम दिया।

अति.पुलिस आयुक्त, प्रथम कुंवर राष्ट्रदीप और पुलिस थाना विशेष अपराध एवं साईबर क्राईम आयुक्तालय जयपुर ने घटना की जानकारी देते हुये बताया परिवादी राजेन्द्र कुमार माहेश्वरी पुत्र डा. नारायण दास माहेश्वरी का 15 नवम्बर को टेलिकॉम कंपनी से कॉल कर सिम बंद करने की बताया जाकर सिम से अनाधिकृत केनरा बैंक में खाता खुलने व खाते में अनर्गल ट्रांजेक्शन होने पर एफआईआर दर्ज करने का भय दिखाकर तीन दिन तक वाट्सअप पर डिजिटल अरेस्टर किया जाकर 18 नवम्बर को 90 लाख रुपये की ठगी की गई। उन्होंने बताया कि ठगी की वारदात का पता चलने पर थाना पर मामला दर्ज किया गया। प्रकरण की गभ्ं ीरता को देखते हुये पुलिस उपायुक्त अपराध सुशील कुमार एवं पुलिस उपायुक्त सागर के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त/थानाधिकारी साईबर क्राईम सोन चन्द वर्मा के निकटतम सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक श्रवणकुमार के नेतृत्व में साईबर क्राईम थाना की टीम का गठन किया गया।

पुलिस थाना स्पेशल ऑफेन्सेज एण्ड साईबर क्राईम, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर की विशेष टीम के सदस्य अनुसंधान अधिकारी श्रवणकुमार, उप निरीक्षक मानसिंह टीम, कांस्टेबल शिवकुमार के द्वारा मुखबिरों से प्राप्त जानकारी एवं तकनीकी सहायता तथा बैंक खाता डिटेल से मुल्जिम गोगराज मेघवशी उर्फ डेविड, दिनेश मीणा व रवि मीणा को चिन्हित कर व अजमेर जिला पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अनुसधं ाान जारी है।

मामले के अनुसार परिवादी राजेन्द्र कुमार माहेश्वरी पुत्र डॉ. नारायण दास माहेश्वरी को 15 नवम्बर को आरोपियो द्वारा कॉल कर टेलिकॉम कंपनी से होना बताकर सिम से अनाधिकृत केनरा बैंक में खाता खुलने व खाते में अनगर्ल ट्रांजेक्शन होना बताकर मनी लॉन्ड्रिग में एफआईआर अन्धेरी मुम्बई में दर्ज करने का भय दिखाकर तीन दिन तक वाट्सअप पर डिजिटल गिरफ्तार किया जाकर 18 नवम्बर को अमाउण्ट का सत्यापन के लिए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांजेक्शन करवाकर 90 लाख रुपयो की साईबर धोखाधड़ी की गई। तीनों आरोपी द्वारा मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर में विनोद ज्वैलर्स से सोने की ज्वैलरी खरीद कर अपने खातों में प्राप्त फ्रॉड राशि से भुगतान किया गया। आरोपीगणो के द्वारा एटीएम के माध्यम से कैश विड्राल कर लाखो रूपये निकाले। आरोपियों में गोगराज मेघवंशी उर्फ डेविड, दिनेश कुमार मीणा उर्फ दीनु पुत्र पुरषौतम मीणा और रवि मीणा उर्फ रामे न पुत्र किशन लाल मीणा शामिल हैं।

## राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड के लिए आवेदन मांगे

**जयपुर।** प्रदेश में 12 जनवरी को यूथ डे के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को राजस्थान यूथ आइकन अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। अवार्ड के लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि अवार्ड के लिए प्रदेश के 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा, जो कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रौद्योगिकी, तकनीकी शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यिमता, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य कर रहें हैं, वे राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यूथ आइकॉन पुरस्कार से संबंधित दिशा निर्देश, नियम एवं शर्तें भी राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की तरह प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# आई.सी.आई.सी.आई. प्रू. लाइफ में 50 प्रतिशत बचत पॉलिसीज़ एक दिन में जारी

- मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है।
- आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया।

**जयपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइज़र्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइज़र्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है।

वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, कंपनी ने अपने एजेंसी चैनल से रिटेल वेटेज प्रीमियम में साल-दर-साल 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो ऐप द्वारा प्रदान की गई सुविधा को दर्शाता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, श्री अनिल सिंह ने कहा,"हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एडवाइज़र्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। इन पहलों ने हमें देश का सबसे एडवाइजर-फ्रेंडली लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर बनने में मदद की है।

# इंपीरियल चैंबर ने 100 बालिकाओं को जूते व मोज़े बांटे



इंपीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महानिदेशक सुनील दत्त गोयल द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल गंगौरी बाजार जयपुर में लगभग 100 बालिकाओं को जूते व जुराबे वितरित किए गए।

**जयपुर।** इंपीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महानिदेशक सुनील दत्त गोयल द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल गंगौरी बाजार जयपुर में लगभग 100 बालिकाओं को जूते व जुराबे वितरित किए गए। ज्ञात रहे कि इंपीरियल चैंबर द्वारा पिछले माह भी लगभग 100 बालिकाओं को जूते और जुराबे वितरित किए गए। इंपीरियल चैंबर द्वारा इस स्कूल में समय-समय पर और भी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में आर्थिक सहयोग दिया जाता रहा है, जिसमें पिछले वर्ष बालिकाओं के शौचालय का रिनोवेशन भी कराया गया था।

इसी क्रम में इसी समय लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर द्वारा बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। क्लब की अध्यक्ष ऋचा खेमका सचिव हेमा पारेख, रोजी सक्सेना जॉन चेयर पर्सन, अजय सक्सेना, मनिका व्यास, राजेश पारीक उपस्थित रहे।

इंपीरियल चैंबर से दीपेश शुक्ला द्वारा बालिकाओं को डिजिटल इंडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से बताया गया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉक्टर जयश्री भार्गव द्वारा सभी का स्वागत किया गया और सभी बच्चों को संबोधित किया गया।

# दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये राज्य सरकार प्रयासरत : अविनाश गहलोत

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया प्रदेश भर में 59 विशेष योग्यजन और संस्थाओं को सम्मानित

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रत्येक दिव्यांगजन तक पहुँच सके, इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य में दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्कूटी मोटराईज्ड ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, ट्राई साईकिल इत्यादि आवश्यकता एवं पात्रता के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओटीएस स्थित भगवंत सिंह मेहता सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार सम्मान समारोह में को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणीयों के तहत चयनित 59 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 10 हजार रूपये राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है, इसी तर्ज पर ही राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों के कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्जजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों/ संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाता है। गहलोत ने कहा कि इससे दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थान प्रोत्साहित होगे तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों, उनकी प्रतिभाओं से समाज रूबरू हो सकेगा तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों से दिव्यांगजन तो लाभान्वित हो ही रहे है साथ ही साथ वह हमारे समाज में दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य संस्थान एवं दिव्यांगजन के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में भी साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के पैरा ओलंपिक खेलों में दिव्यांग जनों द्वारा 29 पदक अर्जित किए गए जो कि बदलते भारत की तस्वीर को पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण दिया जाए तो वे और बेहतर कर सकते हैं।

अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में सुगम्य भारत अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थलों को सुगम्य बनाने हेतु निरन्तर कार्यरत है। वर्ष 2016 में 7 प्रकार की दिव्यांगताओं के स्थान पर 21 प्रकार की दिव्यांगता की श्रेणियो को मान्यता दी गई।

इससे पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, विशेष योग्यजन एच गुईटे ने राजस्थान सरकार द्वारा विशेष योग्यजन के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान साइन लैंग्वेज के द्वारा विशेष योग्यजन के लिए कार्यक्रम का अनुवाद भी किया गया।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ओटीएस स्थित भगवंत सिंह मेहता सभागार में आयोजित समारोह में दिव्यांगजन को सम्मानित किया।